एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| बरेली |

बुधवार, 14 अक्टूबर 2026, वर्ष 7,

PAGE NO : 06 MIDDLE

तेजस भारद्वाज वाइब्रेंट क्लब के प्रेसीडेंट व जोया मिर्जा सेक्रेटरी बने

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस इंस्टीट्यूट आफ अलाइड एंड हेल्थ केयर साइंसेज में विद्यार्थियों के वाइब्रेंट क्लब की नई कमेटी का गठन हुआ। इसमें तेजस भारद्वाज को प्रेसीडेंट और जोया मिर्जा को सेक्रेटरी की जिम्मेदारी दी गई। एसआरएमएस मेडिकल कालेज के आडिटोरियम में मंगलवार को आयोजित वाइब्रेंट क्लब के शपथ ग्रहण कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, निर्देशक प्रशासक आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट सलाहकार सुभाष मेहरा, पैरामेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डा. जसप्रीत कौर, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. शिवांक चौधरी (पी टी) ने किया। निवर्तमान प्रेसीडेंट ऋषिता राज ने अतिथियों का स्वागत किया। वाइब्रेंट क्लब की नई कमेटी में प्रेसीडेंट व सेक्रेटरी के साथ तीन वाइस प्रेसीडेंट, दो ज्वाइंट सेक्रेटरी, स्पोर्ट्स हेड, कल्चरल हैड और लिटरेरी हेड के साथ दस एग्जीक्यूटिव मेंबर बनाए गए है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रेसीडेंट तेजस भारद्वाज ने कमेटी के अन्य सदस्यों को शपथ दिलाई। रंगारंग कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।